जनपद हमीरपुर

दिनांक -24.06.2026

यातायात पुलिस कर्मियों को छाता वितरित किए गए।

आज दिनांक 24.06.2026 को रिजर्व पुलिस लाइन्स, जनपद हमीरपुर में पुलिस अधीक्षक हमीरपुर की अध्यक्षता में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था के संचालन में प्रतिकूल मौसम एवं धूप में निरंतर ड्यूटी करने वाले यातायात पुलिस कर्मियों को बैंक ऑफ बड़ौदा के सहयोग से छातों का वितरण किया गया। इस अवसर पुलिस अधीक्षक महोदय ने यातायात पुलिस कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी मौदहा, बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक श्री आर0के0 मिश्रा एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।